# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक




**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 19 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-141

## सेना ने पुलवामा हमले के गुनहगार गाजी समेत 2 जैश आतंकियों को किया ढेर

### इलाके में अभी भी छिपे हैं 5 टेररिस्ट



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा में मध्यरात्री करीब 12 बजे से चल रही मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के 2 आतंकवादी मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि इस एनकाउंटर में पुलवामा सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमले का मास्टरमाइंड गाजी रशीद भी मारा गया है। मुठभेड़ में कामरान नामक एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराया गया है।

खबरों की मानें तो अभी भी 5 आतंकवादी इस इलाके में छिपे हुए हैं। मुठभेड़ में जैश प्रमुख मौलाना मसूद अजहर का भतीजा मोहम्मद उमर भी फंसा हुआ है। वहीं इस मुठभेड़ में 55 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर समेत 4 जवान शहीद हो गए। शहीदों में मेजर डी.एस. ढौंडियाल, हवलदार शियो राम, सिपाही अजय कुमार और सिपाही हरि सिंह थे।

एजेंसियों के हवाले से बताया जा रहा है कि गाजी जैश के सरगना मौलाना मसूद अजहर के सबसे विश्वसनीय करीबियों में से एक है। गाजी को युद्ध तकनीक और आईईडी बनाने का प्रशिक्षण तालिबान से मिला है और इस काम के लिए उसे जैश का सबसे भरोसेमंद माना जाता है। गाजी रशीद ही पुलवामा का मुख्य साजिशकर्ता था, जबकि कामरान भी उसके साथ हमले की साजिश में शामिल था। वह 9 दिसंबर को ही सीमा पार कर कश्मीर में घुस आया था। पुलवामा हमले के बाद सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया था।


एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने उस इमारत को बम से उड़ा दिया जिसमें आतंकी छिपे थे। बताया जा रहा है कि पुलवामा में सीआरपीएफ काफिले पर हमले के बाद कामरान और गाजी रशीद वहां से भागने में सफल रहे थे। इस हमले के दौरान आतंकी मोहम्मद आदिल डार ने धमाके में खुद को उड़ा लिया था। गौरतलब है कि 14 फरवरी को पुलवामा में ही हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

## उत्पीड़न मामले के आरोपी को 50 पेड़ लगाने का आदेश




**नई दिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्पीड़न मामले के एक आरोपी को अग्रिम जमानत देते हुए यहां एक सरकारी स्कूल में 50 पेड़ लगाने को कहा। न्यायमूर्ति सुनील गौड़ ने कहा कि स्कूल के प्रधानाचार्य को सुनिश्चित करना होगा कि पौधारोपण का काम हो और जांच अधिकारी को अदालत में अनुपालन संबंधी रिपोर्ट दायर करनी होगी। आरोपी शख्स ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत दर्ज उत्पीड़न, गलत तरीके से रास्ता रोकने एवं शरारत के आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत मांगने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। इसी मामले में सह-आरोपी को निचली अदालत से जमानत मिल चुकी है इसी को आधार बनाकर उसने अपने लिए भी अग्रिम जमानत मांगी। इस संबंध में पिछले साल कनॉट प्लेस पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत ने गौर किया कि शख्स ने पूर्वी दिल्ली के चंद्र नगर के एक सरकारी स्कूल के पास दो हफ्ते के भीतर स्वयं 'नीम' के 25 और 'पीपल' के 25 पेड़ लगाने की पेशकश अपने वकील के जरिए अदालत में रखी। साथ ही अदालत ने यह भी साफ किया कि गिरफ्तारी से पहले मिली जमानत की छूट का गलत फायदा उठाने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने पर राज्य के पास इस आदेश को रद्द करने की स्वतंत्रता होगी। अदालत ने कहा कि वह मामले के गुण-दोष पर कुछ नहीं कह रही है।

## विधानसभा सत्र के पहले दिन शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, कार्यवाही 20 तक स्थगित



**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार का पहला बजट सत्र शुरू हो गया है. पहले दिन सदन में पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई. इसके बाद सदन की कार्यवाही 20 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है.

वहीं सत्र शुरू होने से पहले वित्त मंत्री तरुण भनोट ने कहा कि सदन में लेखानुदान पेश होगा. उन्होंने कहा कि चार महीने के खर्च के लिए सरकार राशि की व्यवस्था करेगी. सरकार की कोशिश वित्तीय प्रबंधन पर कोई नया टैक्स न लगाया जाए ना हटाया जाए. वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद पूर्ण बजट लाएंगे.

जानकारी के अनुसार कमलनाथ सरकार में वित्त मंत्री तरुण भनोट अगले वितीय वर्ष के शुरूआती चार महीनों का खर्च चलाने के लिए यह लेखानुदान पेश करेंगे. इसमें सबसे ज्यादा बजट किसानों के लिए दिया जाएगा. यह सरकार का लेखानुदान होगा जो करीब 89 हजार करोड़ रुपए का होगा.

यह भी बताया जा रहा है कि बजट में कर्जमाफी सहित अन्य वचन और कर्मचारियों सहित अन्य वचन और कर्मचारियों के लिए दो फीसदी डीए के प्रावधान प्रमुखता से रहेंगे।


## राष्ट्रपति कोविन्द ने सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने टैगोर पुरस्कार प्रदान किया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने सोमवार को राजकुमार सिंघाजीत सिंह, छायानॉत (बांग्लादेश की सांस्कृतिक संगठन) और रामजी सुतार को क्रमशः 2014, 2015 और 2016 के लिए टैगोर सांस्कृतिक सद्भाव पुरस्कार प्रदान किया । इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्पति कोविंद ने सम्मान प्राप्त करने वालों को बधाई देते हुए कहा कि भारत में हर क्षेत्र की अलग पहचान है लेकिन यह अलग पहचान हमें विभाजित नहीं करती है बल्कि एकता के सूत्र में बांधने और सौहार्द बढ़ाने का काम करती है । उन्होंने कहा कि गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर अद्भुत प्रतिभा के धनी थे जिन्हें 1913 में साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिला था । वे संगीतज्ञ, कलाकार एवं आध्यात्मिक शिक्षाविद होने के साथ ही एक ऐसे कवि थे जिन्होंने राष्टगीत की रचना की । कोविंद ने कहा कि गुरूदेव पूरी दुनिया के थे, वे एक राष्टवादी होने के साथ अंतरराष्ट्वादी भी थे । भारत और बांग्लादेश के संबंधों में गुरूदेव की छाया स्पष्ट तौर पर दिखाई देती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, '' गुरुदेव हर सीमा से परे थे। वो प्रकृति और मानवता के प्रति समर्पित थे। वे पूरे विश्व को अपना घर मानते थे इसलिए दुनिया ने भी उन्हें अपनापन दिया ।'' उन्होंने कहा कि रवींद्र संगीत में भारत के विविध रंग परिलक्षित होते हैं और ये भाषा के बंधन से भी परे है । मोदी ने कहा कि संस्कृति किसी भी राष्ट की प्राण वायु होती है। इसी से राष्ट की पहचान और अस्तित्व को शक्ति मिलती है। किसी भी राष्ट का सम्मान और उसकी आयु भी संस्कृति की परिपच्ता और सांस्कृतिक जड़ों की मजबूती से ही तय होती है ।

## पटना को मेट्रो ट्रेन तो छपरा को मेडिकल कॉलेज

### पीएम मोदी ने बिहार को दी बड़ी सौगातें



**बेगूसराय (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार के लोगों को एक साथ कई परियजनाओं का सौगात दी. बेगूसराय में आयोजित इस सभा में पीएम ने रिमोट दबाकर इन योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया. इस अवसर पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार की योजनाओं का विजन, दो पटरियों पर है.

पहली पटरी है इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी योजनाएं, औद्योगिक विकास, लोगों को आधुनिक सुविधाएं और दूसरी पटरी है उन वंचितों, शोषितों, पीड़ितों का जीवन आसान बनाना जो पिछले 70 वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैं पटना वासियों को बधाई देता हूं, क्योंकि पाटलिपुत्र अब मेट्रो रेल से जुड़ने वाला है.

13 हज़ार करोड़ रुपए की इस परियोजना को वर्तमान के साथ भविष्य को जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है ताकि लोगों को किसी तरह की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े. उन्होंने कहा कि ये मेट्रो प्रोजेक्ट तेजी से विकसित हो रहे पटना शहर को नई रफ्तार देगा. हमारी सरकार द्वारा कनेक्टिविटी पर भी विशेष बल दिया जा रहा है और बहुत जल्द ही हम रेलवे की तर्ज पर रोड ट्रैफिक में भी स्मार्ट सिस्टम को लाने पर काम कर रहे हैं.

पीएम ने बरौनी रिफाइनरी समेत खाद फैक्ट्रियों से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास किया तो साथ ही से रांची-पटना साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई गई है. पीएम ने कहा कि बरौनी में जो फर्टिलाइजर का कारखाना फिर से चालू किया जा रहा है, उसको गैस उपलब्ध होगी. पटना में पाइप के माध्यम से गैस देने का काम होगा और अब सीएनजी से गाड़ियां चल पाएंगी. इसके अलावा हज़ारों परिवारों को अब पाइप वाली गैस मिलने वाली है।

## गुना से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे मोदी!

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के गुना में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद प्रभात झा के बयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुना संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चर्चा को हवा दे दी है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह की पत्नी रुबिना शर्मा सिंह ने भी इस बात की वास्तविकता जानने के लिए ट्वीट किया है। गुना में शनिवार को भाजयुमो कार्यकर्ता सम्मलेन में प्रभात झा ने कहा, नरेंद्र मोदी गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से अगला चुनाव लड़ेंगे।

## मोदी का वाराणसी दौरा आज, कई योजनाओं की देंगे सौगात



**वाराणसी (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह बहुत सारी परियोजनाओं की सौगात देने वाले हैं। कार्यक्रम को लेकर कई आला अधिकारियों ने सभा स्थलों का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बम निरोधक दस्ते ने मैदान के चप्पे-चप्पे की छानबीन की। सभा को लेकर चल रही तैयारी अंतिम दौर में हैं। विधायक सुरेंद्र सिंह और जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने भी स्थलों का दौरा किया। जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को वाराणसी को 2,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान वह संत रविदास जयंती समारोह में शामिल होंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एसपीजी ने सभी कार्यक्रम स्थलों पर नियंत्रण बना लिया है। विशेष सुरक्षा बल (एसपीजी) ने स्थानीय अधिकारियों संग बैठक की।

## रेलिंग तोड़ गहरे नाले में गिरी बस, तीन की मौत, 50 घायल



**जबलपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के जबलपुर के अधारताल थाना क्षेत्र में आज तड़के एक बस पुल की रेलिंग तोडते हुए गहरे नाले में गिर गयी, जिससे उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गया और पचास घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल कौशल सिंह ने बताया कि इलाहाबाद से नागपुर जा रही बस तडके करोंदा नाले के पुल की रेलिंग तोड़ते हुए बीस फिट गहरे नाले में गिर गयी। दुर्घटना में रामू पाल (22)निवासी चित्रकूट उत्तर प्रदेश, मूरत लाल गुंडारे (24) निवासी जूना कामटी रोड थाना यशोधरा नागपुर और राहुल उरवसे (22) निवासी नागसेन पानी की टंकी थाना यशोधरा जिला नागपुर की मौत हो गयी।

वहीं, दुर्घटना में बस सवार पचास यात्री घायल हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस द्वारा जबलपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बस में 53 यात्री सवार थे।

## कश्मीरी छात्रों को सता रहा अपनी सुरक्षा का डर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद कश्मीरी छात्रों को कथित तौर पर सताए जाने की खबरों के बाद यहां कई कश्मीरी छात्रों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। वहीं, पुलिस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई और सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मीडिया में आई खबरों के अनुसार जम्मू कश्मीर के बाहर रहने वाले कई कश्मीरियों ने पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के बाद उन्हें प्रताड़ित किए जाने और उन पर हमले किए जाने का दावा किया है। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को पुलवामा जिले में हुए आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। 'जामिया मिल्लिया इस्लामिया' के एक कश्मीरी छात्र ने कहा, '' महज इसलिए कि कोई व्यक्ति कश्मीरी है, चाहे उसकी विचारधारा या झुकाव कुछ भी हो, उसके जीवन को जोखिम में डालने के लिए यह पर्याप्त है। यह पूरे देश में हो रहा है। देहरादून, अंबाला या बेंगलुरू, हर जगह कश्मीरी छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है और उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।'' कश्मीर निवासी जेएनयू कार्यकर्ता ने कहा, '' पूरे भारत में भीड़ कश्मीरी छात्रों को निशाना बना रही है, उन्हें गालियां दे रही हैं, उन्हें निष्कासित करने की मांग कर रही है और उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कर रही है। हर मामले में कहा जा रहा है कि उन्होंने (कश्मीरी छात्रों ने) 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए और यहां तक की पुलिस भी उनके इन झूठे दावों पर विश्वास कर रही है।''

## झांसी रेलवे स्टेशन पर लहराया सौ फुट ऊंचा तिरंगा

**झांसी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की वीरांगना नगरी झांसी स्थित रेलवे स्टेशन पर रविवार को केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के उच्चाधिकारियों के साथ सौ फुट ऊंचा तिरंगा लहराया। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी स्टेशन पर रोज विदेशी पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। विदेश पर्यटक जब झांसी रेलवे स्टेशन पर उतरें और बाहर निकलते ही उन्हें देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा नजर आना चाहिए। इसी उद्देश्य से झांसी रेलवे स्टेशन परिसर में एक विशाल झंड़ा लगाया गया है, जिसे केन्द्रीय मंत्री उमा भारती और सदर विधायक रवि शर्मा समेत अन्य रेलवे अधिकारियों ने फहराया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राहुल ने केरल में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की हत्या की निंदा की

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल के कासरगोड में पार्टी की युवा इकाई के दो कार्यकर्ताओं की हत्या की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि हत्यारों को न्याय में कठघरे में लाने तक पार्टी चैन से नहीं बैठेगी।पार्टी के रणदीप सुरजेवाला ने इस घटना को राजनीतिक हत्या करार दिया है। गांधी ने ट्वीट कर कहा, केरल के कासरगोड में युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या स्तब्ध करने वाली है। कांग्रेस पार्टी इन दो नौजवानों के परिवारों के साथ खड़ी है। मैं गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा, हत्यारों को न्याय के जद में लाने तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

### कीर्ति आजाद कांग्रेस में शामिल हुए

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** भाजपा से निलंबित सांसद कीर्ति आजाद ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और पार्टी में शामिल हो गए। आजाद ने सोमवार की सुबह गांधी के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान गांधी ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। बाद में आजाद ने ट्वीट कर कहा, आज सुबह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने मुझे कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई । मैंने मिथिला की परंपरा में उनको मखाना की माला, पाग, चादर भेंटकर सम्मानित किया। दरअसल, गत शुक्रवार को ही आजाद को कांग्रेस में शामिल होना था, लेकिन पुलवामा आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में इस कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। गौरतलब है कि आजाद पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार के दरभंगा से निर्वाचित हुए थे। उन्हें 2015 में भाजपा से निलंबित कर दिया गया था। पिछले कुछ समय से उनके कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें चल रही थीं।

### 24-24 लोकसभा सीटों पर लड़ने के संकेत

**भाजपा-शिवसेना गठबंधन**

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना के बीच गठबंधन के संकेत मिल रहे हैं. बताया जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना 24-24 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं. विधानसभा में 140-140 सीटों का फार्मूला होगा. जबकि 8 सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ी जाएंगी. हालांकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद हो लेकर अभी भी पेंच फंसा हुआ है. कहा जा रहा है कि शिवसेना सीएम पद की मांग कर रही है. बता दें कि इससे पहले भी गठबंधन को लेकर शिवसेना के बयान सामने आए हैं. जिसमें कहा गया था कि देश में अगर भाजपा का प्रधानमंत्री चाहिए तो महाराष्ट्र में सीएम पद शिवसेना को दिया जाए. गौरतलब है कि गठबंधन को लेकर आज शाम बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह उद्धव ठाकरे से मुलाकात भी करेंगे. सूत्रों की माने तो दोनों पार्टियां शाम को औपचारिक रूप से गठबंधन का ऐलान भी कर सकती हैं।

### गोलीबारी से दहला मेक्सिको, 6 लोगों की मौत कई घायल

**मेक्सिको सिटी(आरएनएस)।** मेक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी के उपनगर इज़्टापलापा में बदमाशों के एक गिरोह ने गोलीबारी कर छह लोगों की हत्या कर दी तथा तीन अन्य लोगों को घायल कर दिया। अभियोजक दफ्तर ने रविवार को यह जानकारी दी। अभियोजक दफ्तर ने कहा, इज़्टापलापा के पड़ोसी शहर लॉस रेयेस कुल्हुआकन में गोलीबारी के कारण एक महिला सहित छह लोगों की मौत हो गई तथा दो महिला सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए। हमले के दौरान वे लोग सार्वजनिक स्थल पर थे। अभियोजक दफ्तर ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार एक कार में आए चार अपराधियों द्वारा गोलीबारी करने के दौरान पीड़ित शराब पी रहे थे।